दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2019–20
अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा : छठी विषय : हिंदी

सामान्य निर्देश :–

- एक अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 15–20 शब्दों में लिखिए।
- दो अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20–30 शब्दों में लिखिए।
- तीन अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए।
- पाँच अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।

(खंड–क)

प्र01. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–** (2+2+2+2+1+1 = 10)

भारतवर्ष को ऋतुओं का देश कहें तो उसमें कुछ अतिशयोक्ति न होगी। यहाँ बारी–बारी से अनेक ऋतुएँ आती हैं और अपन छटा बिखेरती हैं। यहाँ प्रमुख छः ऋतुएँ होती हैं। इन छः ऋतुओं में वसंत को 'ऋतुराज' कहा गया है। यह ऋतु नया उल्लास एवं नई उमंग लेकर आती है। इसके आगमन से प्रकृति अपने पूर्ण श्रृंगार से धरती को नई दुल्हन की तरह सजा देती है। वसंत ऋतु का आगमन फरवरी–मार्च में होता है। इस समय न तो अधिक सरदी पड़ती है और न अधिक गरमी। हरे–भरे पेड़–पौधे लहलहाने लगते हैं। वृक्षों की टहनियों पर उगी नई कोपलें मन मोह लेती हैं। रंग–बिरंगे फूल अपनी सुगंध बिखेरने लगते हैं। कोयल की कूकने की आवाज़ बागों में सुनाई देने लगती है। खेतों में पीली सरसों खिल जाती हैं। मानो धरती ने पीले रंग की चुनरी आढ़ ली है। फूलों पर रंग–बिरंगी तितलियाँ तथा भौरों की मधुर गूँज वन–उपवनों को संगीतमय कर देती है। विचद्या एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती का जन्म भी वसंत पंचमी के दिन हुआ था। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस ऋतु में हमारे जीवन में नई स्फूर्ति तथा शश्कत का संचार होता है। यह ऋतु जड़ और चेतन सभी के लिए नया उत्साह, नई उमंग और नवजीवन का वरदान लेकर आती है।

क) भारत में कितनी ऋतुएँ हैं और किस ऋतु को ऋतुराज कहा गया है?
ख) वसंत ऋतु अपने साथ क्या लेकर आती है और इसका आगमन कब होता है?
ग) वसंत ऋतु आने पर क्या–क्या होता है?
घ) स्वास्थ्य की दृष्टि से यह ऋतु क्या लेकर आती है?
ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
च) विलोम शब्द लिखें :– ज्ञान

(खंड–ख)

प्र02. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–** 8

क)	बहन	(पर्यायवाची शब्द लिखिए)
ख)	उर्वर	(विलोम शब्द लिखिए)
ग)	जिसका दोष न हो	(अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)
घ)	चालक, चालाक	(श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए)
ङ)	आँखें खुलना	(मुहावरों के अर्थ लखकर वाक्य बनाएँ)
च)	महा+ईश	(संधि करें)
छ)	महोत्सव	(संधि विच्छेद करें)
ज)	भारत	(विशेषण बनाइए)

प्र03. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 2

क) जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें क्या कहते हैं?

ख) विशेषण की कितनी अवस्थाएँ हैं?

प्र04. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो करें) :– 4

क) संज्ञा किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? नाम लिखिए।

ख) परिणामवाचक और संख्यावाचक विशेषण में अंतर स्पष्ट करें।

ग) सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? नाम लिखिए।

(खंड–ग)

प्र05. आशय स्पष्ट करें (कोई एक करें) :– 2

क) 'यों परदे की इज्जत पर देशी के हाथ बिकानी थी'

ख) बुझा दीप झाँसी का तब डलहौजी मन में हरषाया,
राज्य हड़प करने का उसने था अच्छा अवसर पाया।

प्र06. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई तीन करें) :– 6

क) राजप्पा ने नागराजन का टिकट–अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया?

ख) भारतवासी किसके प्रति कृतज्ञ है और क्यों?

ग) जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं। लेखिका को ऐसा क्यों लगता था?

घ) गोल चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी कहता है?

प्र07. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 5

क) प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में हम किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं? अपने विचार प्रकट करें।

अथवा

रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? अपने विचार प्रकट करें।

प्र08. निम्नलिखित किन्ही दो शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :– 2

क) तेज़ तर्रार ख) आसमान ग) जर्रा

प्र09. रावण कब और किस वेश में सीता के पास गया? लंका में रावण ने सीता को कहाँ रखा? 3

प्र०10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिएः– 5

- अपने छोटे भाई को समय का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखिए।
- अपने विद्यालय में हुए योग दिवस की जानकारी देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्र011. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए :– 3

- प्रदूषण से बढ़ती बीमारियों के बारे में बताते हुए दो मित्रों के बीच संवाद छह पंक्तियों में लिखें।
- दुकानदार और ग्राहक के बीच हो रहे संवाद को दस पंक्तियों में लिखिए।